# समरथ इनक्यूबेशन प्रोग्राम

**स्रोत: पी.आई.बी.**

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT) ने **स्टार्टअप सहयोग** और **निवेश आकर्षित करके दूरसंचार और IT सेक्टर** में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये **'समर्थ' इनक्यूबेशन प्रोग्राम** शुरू किया है।

- **समर्थ प्रोग्राम:** इसका उद्देश्य **दूरसंचार सॉफ्टवेयर,** साइबर सुरक्षा, 5G/6G, AI, IoT **और क्वांटम प्रौद्योगिकी** में **अगली पीढ़ी की तकनीक** विकसित करने वाले **DPIIT- मान्यता प्राप्त स्टार्टअप** का समर्थन करना है।
  - **यह धारणीय और स्केलेबल बिजनेस मॉडल, अत्याधुनिक संसाधन** उपलब्ध कराएगा और विचार से लेकर व्यावसायीकरण तक **स्टार्टअप के विकास में सहायता** करेगा।
- **कार्यान्वयन: MeitY** के तहत सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किया गया।
- **प्रस्तावित सहायता: यह कार्यक्रम दो छह महीने के समूहों में 36 स्टार्टअप को सहायता प्रदान करता है, तथा दूरसंचार और IT में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये हाइब्रिड लर्निंग, मेंटरशिप, बुनियादी ढाँचे और निवेशक पहुँच प्रदान करता है।**
  - स्टार्टअप्स को **5 लाख रुपए का अनुदान, 6 महीने के लिये C-DoT का कार्यालय स्थान और प्रयोगशाला सुविधाएँ और मार्गदर्शन** प्रदान किया जाता है।
  - सफल स्टार्टअप **C-DoT सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम** के तहत **भविष्य में सहयोग के अवसर** प्राप्त कर सकते हैं।
- **C-DoT:** C-DoT **दूरसंचार विभाग के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास केंद्र है,** जिसकी **स्थापना वर्ष 1984** में की गई थी, जो **आत्मनिर्भर भारत** का समर्थन करने के लिये **5G, IoT, AI आदि** जैसे **स्वदेशी दूरसंचार नवाचारों** पर ध्यान केंद्रित करता है।

**और पढ़ें:** भारतीय दूरसंचार क्रांति

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/samarth-incubation-program